**Rajasthan Patrika, 12/08/2025, Tuesday**

# भारतीय सेना के अधिकारी बिट्स में सीख रहे बेहतर प्रबंधन के गुर, 50 अधिकारियों का दल पहुंचा

पिलानी. बिट्स में भारतीय सेना के अधिकारी मैनेजमेंट के गुर सीखने के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं। बिट्स में प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन सोमवार को हुआ। प्रशिक्षण शिविर मे भारतीय सेना के चयनित जे.सी.ओ और एन.सी.ओ 14 दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रबंधन के गुर सीखेंगे। 23 अगस्त तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर उद्घाटन समारोह में बिट्स पिलानी परिसर के निदेशक प्रोफेसर सुधीर कुमार बराई, रजिस्ट्रार कर्नल सौम्यब्रत चक्रवर्ती (से.नि.), एवं डीन प्रशासनिक प्रो. एन. वी. मुरलीधर राव सहित उपस्थित अतिथि थे। विशेष प्रशिक्षण शिविर में सेना की विभिन्न कमांड से आए कुल 50 अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य सेना के जे.सी.ओ को इन्वेंटरी मैनेजमेंट, अकाउंटिंग और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करना है।



पिलानी भारतीय सेवा के अधिकारियों के साथ बिट्स के प्रोफेसर ।

जिससे सेना के अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में अधिक दक्षता और प्रबंधन कौशल के साथ योगदान दें सकें। संस्थान के मीडिया प्रभारी प्रो. चौहान ने बताया कि बिट्स संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. श्रीकांत राउत्रॉय, एसोसिएट प्रोफेसर सौरभ चढा, एसोसिएट प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार शर्मा और असिस्टेंट प्रोफेसर जगत शेष चल्ला ने प्रशिक्षण के लिए विशेष पाठ्यक्रम तैयार किया है। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम को इस तरह तैयार किया है कि यह न केवल सैद्धांतिक ज्ञान बल्कि व्यावहारिक अनुप्रयोग पर भी केंद्रित रहे। उद्घाटन समारोह में बिट्स निदेशक प्राफेसर सुधीर कुमार बराई ने कहा कि यह पहल न केवल सेना और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करेगी, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों की संगठनात्मक क्षमता को भी और सुदृढ़ बनाएगी। कर्नल सौम्यब्रत चक्रवर्ती ने कहा कि कार्यक्रम में शामिल विषय इन्वेंटरी मैनेजमेंट और अकाउंटिंग, सेना के लॉजिस्टिक और सपोर्ट ऑपरेशनों को और प्रभावी बनाने में मददगार साबित होंगे।